Result Mitra

UPSC (IAS) Prelims 2025

Current Affairs

18 Months

CRASH COURSE

#IAS

ABHAY SIR

Events in News

Result Mitra

Topic 1:- तेलंगाना स्थित श्री उज्जनी महाकाली देवस्थानम।

Topic 2:- कृषि, 2047 तक देश को 'विकसित भारत' बनाने में निभाएगी अग्रणी भूमिका

Topic 3:- साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड की गेवरा खान होगी अब एशिया की सबसे बड़ी कोयला खान

Topic 4:- सरकार द्वारा हाल ही में दस नए उत्पादों को भौगोलिक संकेतक (GI) देने की घोषणा की

Topic 5 :– देश में सभी अस्पताल में उपचार के लिए एक शुल्क तय करने के आदेश :– सुप्रीम कोर्ट

तेलंगाना स्थित श्री उज्जयिनी महाकाली देवस्थानम

तेलंगाना स्थित श्री उज्जयिनी महाकाली देवस्थानम।

Result Mitra

- चर्चा में क्यों :– पीएम नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद के श्री उज्जयिनी महाकाली मंदिर में पूजा- अर्चना की.

मंदिर से सम्बन्धित तथ्य :–

- यह मंदिर 191 साल पुराना है
- अवस्थित :– मंदिर तेलंगाना के सिकंदराबाद इलाके में स्थित।
- मंदिर में विशेष रूप से आषाढ़ जथारा के दौरान लाखों भक्त प्रार्थना करते हैं.
- यह मंदिर बोनालु त्योहार के लिए भी लोकप्रिय है.
- इस मंदिर के इतिहास के बारे में विस्तार से जानने की कोशिश करते हैं.

तेलंगाना स्थित श्री उज्जयिनी महाकाली देवस्थानम।

Result Mitra

मंदिर निर्माण की कहानी :–

- वर्ष 1813 में शहर में हैजा फैल गया। जिस कारण हजारों लोगों की मौत हुई.
- इस आपदा के समय एक सैन्य बटालियन के कुछ सिपाही सिकंदराबाद से उज्जैन (मध्य प्रदेश) में तबादले के बाद आ गया.
- इनमे एक डोली ढोने वाले सुरीति अप्पैया अपने सहयोगियों के साथ उज्जैन में महाकाल देवस्थानम दर्शन करने गए और लोगों के ठीक होने की प्रार्थना की।

तेलंगाना स्थित श्री उज्जयिनी महाकाली देवस्थानम।

Result Mitra

- उन्होंने वचन दिया कि अगर लोगों को महामारी से बचाया लिया गया, तो वह वापस जा कर देवी की एक मूर्ति स्थापित करेंगे.
- उज्जैन से लौटते के बाद अप्पैया और उनके साथियों ने जुलाई 1814 में सिकंदराबाद में एक मूर्ति को स्थापित किया .
- यह मूर्ति लकड़ी से बनी थी।
- कुछ समय पश्चात गर्भगृह के निर्माण के दौरान एक पत्थर की मूर्ति मिली
- इस मूर्ति को माणिक्यलम्मा नाम के जाना जाता है
- इस मूर्ति को भी श्री महाकाली अम्मावरु के साथ स्थापित किया.

तेलंगाना स्थित श्री उज्जयिनी महाकाली देवस्थानम।

Result Mitra

- 1964 में देवी महाकाली की यह नई प्राप्त मूर्ति स्थापित की गई।
- देवस्थानम का विकास श्री सुरीति अप्पैया ने कुछ लोगों की मदद से किया.

उज्जयिनी महाकाली मंदिर का महत्व:–

- यह मंदिर मनोकामना पूरी करने के लिए जाना जाता है.
- मंदिर में देवी पद्मासन मुद्रा में विराजमान हैं
- किनके हाथ में तलवार, डमरू और भाला है
- देवी की मुख्य प्रतिमा के बगल में माणिक्यलादेवी की मूर्ति भी विराजमान है.

तेलंगाना स्थित श्री उज्जयिनी महाकाली देवस्थानम।

Result Mitra

- श्री उज्जयिनी महाकाली मंदिर को उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की तर्ज पर बनाया गया था.
- काली मां की मूर्ति क्रोध और शक्ति से भरी हुई हैं.
- देवी काली सिंह पर सवार है और उनके दस हाथों में अलग-अलग अस्त्र शस्त्र मौजूद हैं.

कृषि, 2047 तक देश को 'विकसित भारत' बनाने में निभाएगी अग्रणी भूमिका

कृषि, 2047 तक देश को 'विकसित भारत' बनाने में निभाएगी अग्रणी भूमिका

Result Mitra

- चर्चा में क्यों :– केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण, वाणिज्य और उद्योग तथा वस्त्र मंत्री श्री पीयूष गोयल ने ‘‘कृषि और 'विकसित भारत'’ नाम से एक रिपोर्ट प्रकाशित की।

महत्वपूर्ण बिंदु:–

- कृषि 2047 तक देश को 'विकसित भारत' बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएगी
- किसानों की भंडारण सुविधा को आसान बनाने के लिए 'ई-किसान उपज निधि' का शुभारंभ
- डब्लूडीआरए (Warehousing Development and Regulatory Authority) पंजीकृत गोदामों पर सुरक्षा जमा शुल्क जल्द ही 3 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत किया जाएगा

कृषि, 2047 तक देश को 'विकसित भारत' बनाने में निभाएगी अग्रणी भूमिका

Result Mitra

- 'ई-किसान उपज निधि' किसानों द्वारा संकट के समय में उनकी उपज की कम कीमत पर होने वाली बिक्री को रोकेगी
- लक्ष्य :– किसानों की आय दुगनी करना और 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य प्राप्त करना।

'ई-किसान उपज निधि' पहल के लाभ :–

- 1. प्रौद्योगिकी की सहायता से किसानों की भंडारण व्यवस्था सुगम हो जाएगी
- 2. किसानों को उनकी उपज के लिए उचित मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

डब्ल्यूडीआरए पंजीकृत गोदाम (Warehousing Development and Regulatory Authority):–

- ज्यादा किसानों, विशेषकर छोटे किसानों को गोदामों का उपयोग करने और उनकी आय बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए डब्ल्यूडीआरए पंजीकृत गोदामों पर सुरक्षा जमा शुल्क को जल्द ही 3% से कम कर के 1% किया जाएगा।
- गोदामों में किसानों को पहले अपनी उपज का भंडारण करने के लिए 3 प्रतिशत सुरक्षा जमा राशि का भुगतान करना पड़ता था, अब केवल 1 प्रतिशत सुरक्षा जमा राशि के भुगतान करने की आवश्यकता होगी।

कृषि, 2047 तक देश को 'विकसित भारत' बनाने में निभाएगी अग्रणी भूमिका

Result Mitra

"ई-किसान उपज निधि" प्लेटफॉर्म :–

- यह पहल किसानों के लिए किसी भी पंजीकृत 'ई-किसान उपज निधि' और ई-एनएएम के साथ, किसान एक इंटरकनेक्टिड मार्केट की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में सक्षम होंगे, जो उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर या उससे ज्यादा दाम पर अपनी उपज को सरकार को बेचने का फायदा पहुंचाती है।
- पिछले दशक में एमएसपी के जरिए सरकारी खरीद 2.5 गुना बढ़ी।

किसानों की आय में सुधार के लिए किए जा रहे अन्य सुधार :–

- पीएम किसान योजना (PM Kisan Yojana) के द्वारा किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि (PM Kisan Samman Nidhi) प्रदान की जा रही है
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (Pradhan Mantri Fasal Beema Yojana) के ज़रिए फसल सुरक्षा कवच (Fasal Suraksha Kavach) का लाभ किसानों को दिया जा रहा है।

ई-किसान उपज निधि योजना (E-kisaan Upaj Nidhi :–

- किसान अपनी फसल (उपज) को गोदाम में रखकर, कम ब्याज दरों पर लोन प्राप्त कर सकते है।
- और जब उपज का उचित मूल्य मिलने लगे तो उसको। बेच कर पर लोन की रकम को चुका सकेंगे।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड की गेवरा खान होगी अब एशिया की सबसे बड़ी कोयला खान

गेवरा खान होगी अब एशिया की सबसे बड़ी कोयला खान

Result Mitra

- चर्चा में क्यों :– कोयला मंत्रालय को गेवरा खान से 70 मीट्रिक टन वार्षिक कोयला उत्पादन करने के लिए एमओईएफसीसी (MOEFCC) की स्वीकृति मिली।
- छत्तीसगढ़ स्थित कोल इंडिया की सहायक कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड की गेवरा खान एशिया की सबसे बड़ी कोयला खान बनने के लिए तैयार है।
- इस खान की उत्पादन क्षमता को वर्तमान 5.25 करोड़ टन से बढ़ाकर सात करोड़ टन सालाना करने के लिए पर्यावरण मंजूरी दे दी गई है।

गेवरा खान होगी अब एशिया की सबसे बड़ी कोयला खान

Result Mitra

- देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयला मंत्रालय ने रिकॉर्ड समय में 7 करोड़ टन के उत्पादन की पर्यावरण मंजूरी प्राप्त करने में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) के साथ समन्वय स्थापित करके इसको संभव बनाया है।

गेवरा के बारे में :–

- गेवरा , साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की परियोजनाओं में से एक है
- पिछले वर्ष (वित्त वर्ष 22-23 के लिए 5.25 करोड़ टन) यह देश की सबसे बड़ी कोयला खान बन गई।

गेवरा खान होगी अब एशिया की सबसे बड़ी कोयला खान

Result Mitra

- यह खदान 40 वर्षों से कार्यरत है
- इस खदान की स्ट्राइक लेंग्थ करीब 10 किलोमीटर है और इसकी चौड़ाई चार किलोमीटर है।
- इस खदान को सरफेस माइनर, रिपर माइनिंग के रूप में पर्यावरण के अनुकूल ब्लास्ट-मुक्त माइनिंग प्रौद्योगिकी से लैस किया गया है।
- इसमें त्वरित और पर्यावरण के अनुकूल कोयला निकासी के लिए कन्वेयर बेल्ट, साइलो और रैपिड लोडिंग प्रणाली से लैस फर्स्ट-माइल कनेक्टिविटी भी है।

सरकार द्वारा हाल ही में दस नए उत्पादों को भौगोलिक संकेतक (GI) देने की घोषणा की

दस नए उत्पादों को भौगोलिक संकेतक (GI) देने की घोषणा की

Result Mitra

भौगोलिक संकेतक (GI) टैग क्या होते है

- यह एक प्रकार का विशेष चिह्न है जिसका उपयोग किसी विशेष प्रकार के उत्पादों पर की पहचान के लिए किया जाता है जो किसी विशिष्ट भौगोलिक स्थान या मूल स्थान से संबंधित या जुड़े होते हैं।

भौगोलिक संकेत – उदाहरण

- ***हस्तशिल्प*** – उदाहरण –मैसूर सिल्क (मैसूर), मधुबनी पेंटिंग (बिहार) आदि
- ***खाद्य पदार्थ*** – उदाहरण – मिथिला मखाना, रसगुल्ला,तिरुपति लड्डू आदि।
- ***कृषि उत्पाद*** – चाय, बासमती चावल आदि।

दस नए उत्पादों को भौगोलिक संकेतक (GI) देने की घोषणा की

Result Mitra

Gi टैग के लाभ :–

- 1. केवल अधिकृत उपयोगकर्त्ताओं को या उस विशेष भौगोलिक क्षेत्र में रहने वाले लोगों को ही इस उत्पाद के नाम और चिन्ह के प्रयोग की अनुमति है।
- जिस उत्पाद को GI टैग प्रदान किया गया है उसकी नकल भी बनाना गैरकानूनी है

Gi टैग की वैधता:–

- कोई भी वस्तु टैग के रूप में पंजीकृत होने के बाद 10 वर्ष के लिए वैध होती है

दस नए उत्पादों को भौगोलिक संकेतक (GI) देने की घोषणा की

Result Mitra

विधिक ढाँचा तथा दायित्व:

- वस्तुओं का भौगोलिक उपदर्शन (रजिस्ट्रीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 के द्वारा भारत में वस्तुओं से संबंधित भौगोलिक संकेतकों के पंजीकरण और उनके संरक्षण प्रदान करने का अधिकार प्रदान करता है।
- यह बौद्धिक संपदा अधिकार के व्यापार-संबंधित पहलुओं (TRIPS) पर WTO समझौते द्वारा विनियमित एवं निर्देशित है।
- औद्योगिक संपत्ति और भौगोलिक संकेतों की सुरक्षा के संदर्भ में इसके विशेष महत्त्व को पेरिस कन्वेंशन के अनुच्छेद 1(2) एवं 10 में स्वीकार किया गया।

दस नए उत्पादों को भौगोलिक संकेतक (GI) देने की घोषणा की

Result Mitra

भारत में कौन प्रदान करता है GI Tag :–

- साल 1999 में भारत में जीआई टैग के लिए कानून
- साल 2003 में :– प्रक्रिया शुरू हुई
- इसी के तहत साल 2004 में पहला जीआई टैग प्रदान।
- भारत में ही टैग :– इंडियन ज्योग्राफिकल रजिस्ट्री द्वार दिया जाता है।
- यह चेन्नई में स्थित स्थित है

दस नए उत्पादों को भौगोलिक संकेतक (GI) देने की घोषणा की

Result Mitra

- **गुजरात :–** कच्छ रोगन शिल्प और अम्बाजी सफेद संगमरमर
- **त्रिपुरा :–** रिसा वस्त्र
- **तेलंगाना :–** हैदराबाद की लाख चूड़ियां
- **ओडिशा :–** कटक रुपा तारकशी (सिल्वर फिलीग्री)
- यह कलाकारी फारस में लोकप्रिय थी
- मेसोपोटामिया में इससे आभूषण बनाए जाते थे
- वहां से यह इंडोनेशिया पहुंची और फिर कटक।
- मेसोपोटामिया (वर्तमान इराक) में लगभग 3500 ईसा पूर्व में इसका प्रयोग किया जाता था



दस नए उत्पादों को भौगोलिक संकेतक (GI) देने की घोषणा की

Result Mitra

- **असम :–** माजुली मास्क और माजुली पांडुलिपि चित्रकला
- **मध्य प्रदेश :–** रतलाम रियावन लहसुन
- **पश्चिम बंगाल :–** बांग्लार मलमल (कपास से बनाया या एक पारंपरिक हथकरघा शिल्प)
- **आंध्र प्रदेश :–** नरसापुर क्रोशे लेस उत्पाद

- भारत का पहला GI टैग :–

- दार्जिलिंग की चाय :– साल 2004 में

देश में सभी अस्पताल में उपचार के लिए एक शुल्क तय करने के आदेश :– सुप्रीम कोर्ट

देश में सभी अस्पताल में उपचार के लिए एक शुल्क तय करने के आदेश

Result Mitra

- सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए अपने एक महत्वपूर्ण निर्णय के अनुसार देश भर के अस्पताल में इलाज के शुल्क को तय करने के लिए सरकार को कहा गया है।
- सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है की मरीजों द्वारा दिए जाने वाली उपचार शुल्क भुगतान को केंद्र सरकार अगले छह सप्ताह के भीतर शीघ्रता से तय ।
- वर्तमान में देश के अलग-अलग अस्पताल में इलाज के लिए अलग-अलग राशि वसूली जाती हैं
- इस कारण देश में कैशलेस स्वास्थ्य बीमा प्रणाली को लागू करना एक कठिन काम हो रहा है।

देश में सभी अस्पताल में उपचार के लिए एक शुल्क तय करने के आदेश

Result Mitra

- यह निर्णय एक एनजीओ द्वारा दायर जनहित याचिका (पीआईएल) पर सर्वोच्च न्यायालय के दो-न्यायाधीशों की खंडपीठ ने दिया।
- इस निर्णय में न्यायाधीशों ने संयुक्त रूप से कहा कि "हम भारत संघ के स्वास्थ्य विभाग के सचिव को निर्देश देते हैं कि वे राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों में अपने समकक्षों के साथ बैठक करें और सुनवाई की अगली तारीख (अगले छह सप्ताह में) तक एक ठोस प्रस्ताव लेकर आएं।"
- भारत में इस समय 40,000 से अधिक पंजीकृत अस्पताल है

देश में सभी अस्पताल में उपचार के लिए एक शुल्क तय करने के आदेश

Result Mitra

जनहित याचिका :–

- भारत के जनहित याचिका (Public Interest Litigation-PIL)' की अवधारणा को अमेरिकी न्यायशास्त्र से ग्रहण किया गया है।
- भारत में जनहित याचिका को न्यायिक पहल द्वारा शुरू किया।
- जनहित याचिका सर्वोच्च न्यायालय को एक प्रकार से न्यायिक सक्रियता की भूमिका में प्रस्तुत करता है।
- पीआईएल को 1980 के दशक के आरंभ में प्रस्तुत किया गया।
- जनहित याचिका की अवधारणा के अग्रदूत :– न्यायमूर्ति वी. आर. कृष्णा अय्यर और न्यायमूर्ति पी. एन. भगवती।

Thank
you